ल.अं./49/एस.एल.बी.सी./509 01.12.2023

**राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0) के समस्त सदस्यों को पत्र**

महोदय/ महोदया,

**विषय :- राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ.प्र.) की सितम्बर 2023 त्रैमासांत की समीक्षा बैठक दिनांक 23.11.2023 का कार्यवृत्त**

कृपया दिनांक 23.11.2023 को सम्पन्न राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0प्र0) की सितम्बर 2023 की समीक्षा बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उपरोक्त बैठक का कार्यवृत्त आपकी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित है।

**भवदीय,**

**(समीर रंजन पंडा)**
**महाप्रबन्धक एवं संयोजक**
**राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.)**

**संलग्न :-** उपरोक्तानुसार

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, लखनऊ अंचल, "बड़ौदा हाउस", वी–23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Lucknow Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010
फोन / Phone : 0522-6677607 (GM), 6677609 (Sectt.), 6677722 (DGM), 6677730 (CM), 6677721, 6677725
ई–मेल / E-mail : slbc.up@bankofbaroda.com, वेबसाइट / Website : www.slbcup.com

# राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ. प्र.) की सितम्बर 2023 तिमाही की बैठक दिनांक 23.11.2023 का कार्यवृत्त

राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ.प्र.) की सितंबर 2023 त्रैमास की समीक्षा बैठक दिनांक 23.11.2023 को "महाराजा सयाजीराव गायकवाड सभागार", बड़ौदा हाउस, गोमती नगर, लखनऊ में श्री भागवत कराड़, माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में श्री अमित मोहन प्रसाद ,आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन एवं डॉ बालू केंचप्पा, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ की सह-अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक मे श्री अनिल कुमार, आई.ए.एस., मिशन निदेशक, सूडा, उ.प्र.; श्री शिव सिंह यादव, महानिदेशक, संस्थागत वित्त एवं सर्वहित बीमा निदेशालय, उ0 प्र0; श्री संजय कुमार डोरा, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, लखनऊ; श्रीमती सोनाली दास, महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक; श्री समीर रंजन पंडा, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागो के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में भाग लेने वाले सहभागियों की सूची संलग्न है।

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की दिनांक 16.08.2023 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि
## Confirmation of Minutes of Last SLBC Meeting dated 16.08.2023

जून' 2023 त्रैमासांत की बैठक दिनांक 16.08.2023 के कार्यबिन्दु एवं कार्यवृत्त सभी सदस्यों को एस.एल.बी.सी. के पत्रांक ल.अं./49/एस एल बी सी/308 दिनांक 30.08.2023 के माध्यम से प्रेषित किये गये थे, जिसकी पुष्टि समिति द्वारा की गयी।

अपने स्वागत संबोधन में **श्री समीर रंजन पंडा, महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0)** ने माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार का बैठक मे पधारने हेतु विशेष आभार व्यक्त करते हुए अन्य सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा प्रदेश में गत तिमाही के दौरान घटित महत्वपूर्ण बैंकिंग गतिविधियों के अंतर्गत प्रदेश की स्थिति से सभा को निम्नवत अवगत कराया :

- ✓ सर्वप्रथम प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए सभा को अवगत कराया कि वितीय वर्ष 2022-23 में ₹ 24.39 लाख करोड़ के Gross State Domestic Product के साथ हमारा प्रदेश देश के शीर्ष राज्यों मे है। प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों यथा U. P. Investor Summit, Global Investor Summit, Establishment of Defense Corridor, Development of New Expressways, Developing New Airports, New Industrial Policies, International Trade Show से प्रदेश में निवेश व रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए है।

- ✓ नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा जारी Export Preparedness Index में हमारा प्रदेश 7वे स्थान पर है। साथ ही जनपद गौतम बुद्ध नगर देश के शीर्ष 10 सर्वाधिक निर्यात करने वाले जनपदो मे शामिल है।

- ✓ माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नेतृत्व में हमारा प्रदेश वर्ष 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को $1 ट्रिलियन तक पहुंचाने की ओर अग्रसर है। विगत 6 वर्षो में प्रदेश की Per Capita Income में लगभग 100% की वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में लगभग 95 लाख एम एस एम ई ईकाई कार्यरत है साथ ही प्रदेश प्रतिवर्ष ₹19,000 करोड़ से अधिक के कृषि उत्पादो का निर्यात कर रहा है।

- ✓ वित्तीय वर्ष 2023-24 की सितंबर 2023 तिमाही के दौरान प्रदेश का कुल जमा रू 16.41 लाख करोड़ रहा है जो सितंबर 2022 (रू 14.31 लाख करोड़) की तुलना मे रू 2.10 लाख करोड़ अधिक रहा हैं। साथ ही सितंबर 2023 मे कुल अग्रिम

रू 9.26 लाख करोड़ रहा है जिसमें सितंबर 2022 (रू 7.51 लाख करोड़) से रू 1.75 लाख करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रकार प्रदेश का कुल बैंकिंग व्यवसाय चालू वित्तीय वर्ष के दौरान प्रदेश रू 25.68 लाख करोड़ के स्तर पर पहुँच गया है।

- ✓ प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 30.09.2023 तक प्रदेश में कुल 9.00 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं जिसमे से सितंबर 2023 छमाही के दौरान 33 लाख जन धन खाते खोले गये है।

- ✓ सामाजिक सुरक्षा योजनाओ यथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) में 83.00 लाख एवं (PMJJY) में 25.00 लाख नामांकन किये गये है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनांतर्गत कुल 5.53 करोड़ नामांकन तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में कुल 1.90 करोड़ नामांकन करते हुए हमारा प्रदेश दोनों ही योजनाओ मे प्रथम स्थान पर है| योजनाओ के अंतर्गत नामांकन बढ़ाने हेतु पूर्व की भांति दिनांक 01.10.2023 से 31.12.2023 तक पुनः जनसुरक्षा संतृप्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है।

- ✓ अटल पेंशन योजना के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य 15,83,950 के सापेक्ष 10,75,699 नामांकन किये गए है जो कुल लक्ष्य का 68% है।

- ✓ चालू वित्तीय वर्ष के सितंबर 2023 मे वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य रू 348684 करोड़ के सापेक्ष रू 2,05,889 करोड़ का ऋण वितरण करते हुए 60.07% की उपलब्धि दर्ज की गई है|

- ✓ सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में प्रदेश का ऋण जमा अनुपात 57.03% रहा है जो सितंबर 2022 के स्तर 53.07% से 3.96% अधिक है। साथ ही प्रदेश मे 40% से कम ऋण जमानुपात वाले जनपदों की संख्या -11- रही है|

- ✓ गत एस एल बी सी की बैठक मे मुख्य सचिव महोदय के निर्देशानुसार 40% से कम ऋण जमानुपात वाले समस्त जनपदों में ऋण प्रवाह बढ़ाने हेतु मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न योजनाओ के अंतर्गत कुल रु.1,417 करोड़ का ऋण वितरण किया गया।

- ✓ भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जनपदों को 31.03.2024 तक डिजिटल मोड से संतृप्त किए जाने का लक्ष्य रखा गया है जिसकी प्रगति समीक्षा नियमित रूप से भारतीय स्टेट बैंक के समन्वय मे गठित एस.एल.बी.सी. की उप-समिति की बैठको मे की जा रही है| अद्यतन स्थिति के अनुसार प्रदेश में लगभग 80% बैंक खाताधारको को डिजिटल बैंकिंग से जोड़ा जा चुका है।

- ✓ प्रदेश सरकार द्वारा RC Filed cases में Recovery हेतु निरंतर सहयोग प्राप्त होता रहता है। प्रदेश सरकार से अनुरोध है कि सरफेसी के अंतर्गत लम्बित मामलों में वसूली हेतु सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें|

अपने स्वागत सम्बोधन के अंत में उन्होंने माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार का आभार व्यक्त किया| साथ ही समस्त बैंकों से सभी योजनाओं के अंतर्गत आवंटित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया।



बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उ.प्र. ZONAL OFFICE LUCKNOW

**डॉ बालू केंचप्पा, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ** ने अपने संबोधन मे माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार का अभिवादन करते हुए सभा में उपस्थित प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियो सहित समस्त बैंको व अन्य वित्तीय संस्थानो के अधिकारीगणों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कुछ महत्वपूर्ण मुद्दो पर प्रकाश डाला :

✓ देश के आर्थिक विकास में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश के आर्थिक विकास से ऋण जमानुपात मे लगभग 4% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है ।

✓ 40% से कम ऋण जमा अनुपात वाले जनपदों मे ऋण प्रवाह की स्थिति को बेहतर बनाने हेतु और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

✓ भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार देश के कुल निवेश मे सर्वाधिक हिस्सेदारी (16%) हमारे प्रदेश की है।

✓ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देश की 10,000 एम.एस.एम.ई. ईकाईयो का सर्वे किया जा रहा है जिसमे से 1,500 ईकाईया उत्तर प्रदेश मे कार्यरत है। सभी बैंको से अनुरोध है कि सर्वे से संबन्धित डाटा का प्रेषण भारतीय रिजर्व बैंक को करना सुनिश्चित करे।

**(कार्यवाही : समस्त बैंक)**

✓ प्रदेश मे डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम का विस्तार और सुदृढ़ करने एवं पूर्णत: डिजिटलीकृत करने हेतु तृतीय चरण मे -8- जनपद चिन्हित किए गये थे जिन्हे 31.03.2024 तक पूर्णत: डिजिटलीकृत किये जाने हेतु समस्त बैंको को निर्देशित किया। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई द्वारा जारी निर्देशों के क्रम मे प्रदेश के समस्त जनपदो को दिनांक 30.06.2024 तक 100% डिजिटलीकृत किए जाने हेतु समस्त बैंको से आहवाहन किया।

**(कार्यवाही : समस्त बैंक)**

✓ साइबर सुरक्षा पर चर्चा करते हुए समस्त बैंको को निर्देशित किया कि साइबर सुरक्षा से संबन्धित प्रमुख घटनाओ को भारतीय रिजर्व बैंक को 2 घंटे के भीतर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही : समस्त बैंक)**

✓ वित्तीय सेवाओ को आमजनमानस तक पहुंचाने मे बैंक मित्र की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। बैंक मित्र के संचालन की नियमित आधार पर निगरानी किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही निष्क्रिय बैंक मित्र को BCs को सक्रिय एवं ऐसे BCs जो लंबे समय से निष्क्रिय है, की जगह नए बैंक मित्र की नियुक्ति किए जाने हेतु बैंको को निर्देशित किया।

**(कार्यवाही : समस्त बैंक)**

**श्री संजय कुमार डोरा, मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड, लखनऊ** ने सभा में उपस्थित समस्त अथितियो का अभिवादन करते हुए निम्न बिन्दुओ पर प्रकाश डाला:

✓ वर्ष 2023-24 मे CAGR मे 19% की अनुमानित वृद्धि दर एवं राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद मे 8% की हिस्सेदारी के साथ प्रदेश तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था मे से एक है।

- ✓ Ease of Doing Business में प्रदेश ने अद्भुत सुधार प्रदर्शित किया है| प्रदेश Ease of Doing Business सूचकांक मे दूसरे स्थान पर एवं निर्यात तैयारी सूचकांक मे 7वें स्थान पर है|

- ✓ वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत 60% की उपलब्धि हासिल की जा चुकी है| कुल बैंक क्रेडिट मे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत प्रदान किए गए ऋण सकारात्मक प्रवृत्ति दर्शाता है|

- ✓ वर्ष 2022-23 मे प्रदेश का क्रेडिट – GDP अनुपात 41% से घटकर 38% रह गया है| ऋण प्रवाह में वृद्धि कर के इसे बढ़ाये जाने की आवश्यकता है ।

**(कार्यवाही : समस्त बैंक)**

- ✓ पूर्व मे प्रदेश मे 22 जनपदो मे ऋण प्रवाह की कमी रही है जिसमे से 7 जनपदो ने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है| वर्तमान मे 11 जनपदो का ऋण जमानुपात 40% से कम है

**(कार्यवाही : समस्त बैंक)**

- ✓ बैंकों से FPO, SHG और JLG को वित्तपोषण करने तथा भारत सरकार और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं में संतृप्ति प्राप्त करने का अनुरोध किया।

**(कार्यवाही : समस्त बैंक)**

**श्री शिव सिंह यादव, महानिदेशक, संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ** नें माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार तथा अन्य गणमान्य अतिथियों का अभिवादन करते हुए अपने सम्बोधन में निम्न बिदुओं को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया:-

- ✓ हर्ष का विषय है कि प्रदेश मे कार्यरत समस्त बैंको के सम्मिलित प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2022-23 मे प्रथम बार वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत लक्ष्यो को हासिल किया गया।

- ✓ वार्षिक ऋण योजना 2023-24 के अंतर्गत आवंटित लक्ष्यो के सापेक्ष 60% की उपलब्धि दर्ज की जा चुकी है तथा शीघ्र ही हम लक्ष्यो को हासिल कर लेंगे| एम.एस.एम.ई. सेक्टर के अंतर्गत 124.23 % की उपलब्धि दर्ज किए जाने हेतु समस्त बैंकर्स को बधाई दी| साथ ही वार्षिक ऋण योजना 2023-24 हेतु आवंटित लक्ष्यो को हासिल किए जाने हेतु समस्त बैंको से आहवाहन किया|

**(कार्यवाही: समस्त बैंक)**

- ✓ पूर्व मे आयोजित एस एल बी सी बैठक के दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रम मे प्रदेश मे 700 नई बैक शाखाओ की स्थापना किए जाने की अद्यतन स्थिति से सदन को अवगत कराया| अद्यतन स्थिति के अनुसार 200 नई बैंक शाखाओ की स्थापना की जा चुकी है एवं 500 नई बैंक शाखाएं खोला जाना प्रस्तावित है| शेष 500 नई बैंक शाखाएं जनवरी 2024 तक खोले जाने हेतु समस्त बैंको से आहवाहन किया|

**(कार्यवाही: समस्त बैंक)**



बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उ0प्र0 ZONAL OFFICE (LUCKNOW ZONE), LKO अंचल कार्यालय (लखनऊ अंचल)

✓ प्रदेश के ऋण जमा अनुपात को बढ़ाने हेतु बैंको द्वारा किए जा रहे प्रयासो की सराहना की| प्रदेश मे वर्तमान मे -11- जनपदों का ऋण जमानुपात 40% से कम है। इन जनपदों में कार्यरत बैंकों द्वारा अभियान चलाकर तथा लोन मेला आदि के माध्यम से ऋण प्रवाह हेतु उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

**(कार्यवाही: सम्बन्धित बैंक)**

✓ माननीय प्रधानमंत्री महोदय ने देश मे -500- Aspirational Block की घोषणा की थी जिसमे से -100- ब्लॉक उत्तर प्रदेश से संबन्धित है| 100 ब्लॉक मे से 50 ब्लॉक मे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत प्रगति असंतोषजनक है| समस्त बैंको से अनुरोध किया कि इन आकांक्षात्मक ब्लॉक मे कैंपो का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगो को मुद्रा योजना का लाभ प्रदान कराते हुए अन्य बैंकिंग सुविधाओ से आच्छादित किया जाये|

**(कार्यवाही: सम्बन्धित बैंक )**

✓ प्रदेश मे -400- केंद्र ऐसे है जिन्हें बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से संतृप्त किया जाना है| समस्त बैंको को निर्देशित किया कि इन केन्द्रो पर बैंक मित्र की स्थापना कर संतृप्त किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही: सम्बन्धित बैंक )**

✓ प्रदेश सरकार के "ONE GP ONE BC" कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में 58,000 बी. सी. सखी की नियुक्त किया जाना है। अभी तक प्रदेश मे 36,904 बी सी सखियों को ऑनबोर्ड किया जा चुका है शेष 21,096 बी सी सखियो की स्थापना का कारी शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया|

**(कार्यवाही: सम्बन्धित बैंक )**

**श्री अमित मोहन प्रसाद, आई ए एस, अपर मुख्य सचिव, एम एस एम ई, उत्तर प्रदेश शासन** ने माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार का बैठक मे पधारने हेतु आभार व्यक्त करते हुए अपने सम्बोधन में अपने विभाग से सम्बन्धित निम्न बिन्दुओं को सभा के समक्ष रखा :

✓ सर्वप्रथम वार्षिक ऋण योजना 2023-24 के एम.एस.एम.ई. सेक्टर के अंतर्गत वृद्धि हेतु बैंको द्वारा किए जा रहे प्रयासो की सराहना की|

✓ अन्य राज्यो की तुलना मे प्रदेश मे सबसे अधिक एम.एस.एम.ई. ईकाईया कार्यरत है तथा एम.एस.एम.ई. ईकाईयो के माध्यम से ही सबसे अधिक रोजगार उत्पन्न होता है| वर्तमान मे प्रदेश मे लगभग 96 लाख एम एस एम ई ईकाईया कार्यरत है|

✓ अपने सम्बोधन के दौरान सभा को अवगत कराया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष मे अभी तक -2- वृहद मेगा एम एस एम ई ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे रू 30,000 करोड़ एवं रू 50,000 करोड़ का ऋण वितरण किया गया|

साथ ही दिसंबर माह मे माननीय मुख्यमंत्री महोदय की गरिमामयी उपस्थिति मे एक वृहद मेगा ऋण शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है जिसमे रू 50,000 करोड़ का ऋण वितरण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है|

**(कार्यवाही: सम्बन्धित बैंक )**

✓ प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षा "उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था" का राज्य बनाने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किए जाने हेतु सभी बैंकर्स से आहवाहन किया|

**(कार्यवाही: सम्बन्धित बैंक )**

सभी गणमान्य अतिथियों के सम्बोधन के पश्चात सभा के समक्ष पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति दी गयी जिसके माध्यम से विस्तृत रूप से विभिन्न एजेंडा बिन्दुओ पर चर्चा की गई |

**श्री भागवत कराड़, माननीय वित्त राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार** ने सभा में मौजूद प्रदेश सरकार एवं बैंको के वरिष्ठ अधिकारीगण, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड को समीक्षा बैठक में निम्नवत सम्बोधित किया:

✓ सर्वप्रथम माननीय मंत्री महोदय ने प्रदेश मे विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओ के अंतर्गत बेहतरीन कार्य किए जाने हेतु समस्त बैंकर्स की सराहना की| गत -9- वर्षो मे प्रदेश ने बैंकिंग क्षेत्र मे काफी उन्नति की है|

✓ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को देश की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने हेतु विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओ विशेषकर पी एम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना इत्यादि के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित किए जाने हेतु बैंको से आहवाहन किया ताकि आमजनमानस को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ का लाभ प्राप्त हो सके|

**(कार्यवाही: सम्बन्धित बैंक)**

✓ बैंकिंग सेवाओ से रहित लोगो को बैंकिंग सेवा प्रदान करना, बीमा योजनाओ के माध्यम से असुरक्षित लोगो को सुरक्षा प्रदान करना, वित्त रहित लोगो को वित्त पोषण प्रदान करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिये|

✓ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रीलियन US $ तक पहुंचाने के लिए समस्त बैंको द्वारा आवश्यक प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया|

**(कार्यवाही: समस्त बैंक)**

✓ जनवरी 2024 तक प्रदेश मे 500 नई बैंक शाखाएं एवं ए टी एम खोले जाने हेतु समस्त बैंको से आहवाहन किया ताकि हम Per Lakh Population के राष्ट्रीय स्तर को हासिल कर सके|
साथ ही जनवरी माह मे एक वृहद मेगा ऋण शिविर का आयोजन किए जाने हेतु भी निर्देशित किया जिसमे रू 50,000 करोड़ का ऋण वितरण किया जाना अपेक्षित है|

**(कार्यवाही: समस्त बैंक)**

✓ भारत सरकार द्वारा दिनांक 15.11.2023 से 26.01.2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है| संकल्प यात्रा के दौरान रथ चिन्हित ग्राम पंचायत मे पहुंच रहे है जो बैंकिंग संबंधी योजनाओ से सुसजित है| इस कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने एवं आमजनमानस को अधिक से अधिक बैंकिंग सुविधाओ यथा



बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA अंचल कार्यालय (लखनऊ अंचल) ZONAL OFFICE (LUCKNOW ZONE)

जनधन योजना के अंतर्गत खाता खोलना, बीमा प्रदान करना, किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करना, विभिन्न योजनाओ के अंतर्गत ऋण प्रदान किए जाने हेतु समस्त बैंकर्स को निर्देशित किया|

**(कार्यवाही: समस्त बैंक)**

✓ देश मे अभी तक 75 डीजिटल बैंकिंग यूनिट्स की स्थापना की गई है जिसमे से 4 डीजिटल बैंकिंग यूनिट्स उत्तर प्रदेश मे कार्यरत है| डीजिटल बैंकिंग यूनिट्स के कार्यो की समीक्षा के दौरान इण्डियन बैंक के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि डीजिटल बैंकिंग यूनिट्स की स्थापना से निश्चय ही बैंको का जमा एवं अग्रिम बढ़ेगा|

अंत में उन्होंने समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करने हेतु सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

बैठक के अंत में श्री शरद एस चंडाक, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ने श्री भागवत कराड़, माननीय वित्त राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार का बैठक मे पधारने तथा उनके अमूल्य मार्गदर्शन हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होने प्रदेश सरकार के समस्त वरिष्ठ अधिकारीगणो एवं बैंको से पधारे अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक सम्पन्न की जा सकी।




..................................................... **************** .....................................................